|| ॐ साईं राम ||



What a life-time of being a celebrity! He was a mother to both Hindus and Muslims. He had the confidence even of natural enemies. They could move about without fear, with a heart full of love.


Year- 17 Issue- 42
Ghaziabad, Sunday, 15 March- 2026

15 March to 21 March- 2026

Page: 8

RNI.No: UPBIL/2009/28691
DAVP Code:101473
Editor: Dheeraj Kumar
Mob.: 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.in
Email: editor@tbam.co.in


# बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान आयोजित

## रहम फाउंडेशन एवं जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन ने 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से किया आयोजन
















**प्रतीक भार्गव**

**गाजियाबाद।** रहम फाउंडेशन एवं जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन ने 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान आयोजित किया। इस अभियान का उद्देश्य गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम तथा इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम का नेतृत्व रोटरी क्लब इंदिरापुरम गलोर ने किया। इस पहल में रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद सैफरन, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब दिल्ली प्रीत विहार तथा रोटरी क्लब हापुड़ प्लेटिनम का सहयोग रहा।

यह कार्यक्रम न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल के इंटरैक्ट क्लब के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहयोगी भागीदार के रूप में रोटरी क्लब दिल्ली शाहदरा तथा संस्थागत सहयोगी के रूप में ब्यूटीफुल टुमॉरो ट्रस्ट शामिल रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीडीजी रोटेरियन जे. के. गौर रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटेरियन मुकेश सिंघल, अध्यक्ष रोटरी क्लब दिल्ली शाहदरा उपस्थित रहे।

इस टीकाकरण अभियान के दौरान 44 बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाया गया। इस अवसर पर गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम तथा कम आयु में टीकाकरण के महत्व के बारे में भी जागरूकता दी गई।

कार्यक्रम में रोटेरियन संदीप अग्रवाल, अध्यक्ष रोटरी क्लब गाज़ियाबाद ग्रीन, डॉ. धीरज के. भार्गव, संस्थापक अध्यक्ष रहम फाउंडेशन, रोटेरियन दीपक गुप्ता, रोटरी क्लब सोनीपत एजुकेशन सिटी तथा रोटेरियन सुनील जैन, जिला अध्यक्ष कैंसर रोकथाम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल के प्रबंधन और स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया।

यह पहल रहम फाउंडेशन और विभिन्न रोटरी क्लबों की सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता, कैंसर की रोकथाम और बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# रहम ने साहिबाबाद में गर्भवती महिलाओं को बांटा पोषण आहार

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**









**गाजियाबाद।** रहम फाउंडेशन और जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करेड़ा, साहिबाबाद में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में 12 रोटरी क्लबों का सहयोग रहा।

इस पहल के तहत प्रत्येक माह की 1, 8, 16 और 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन युक्त पोषण पूरक और जूस वितरित किए जाते हैं। यह सेवा अप्रैल 2025 से लगातार चल रही है, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराना और मातृ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब गाज़ियाबाद नॉर्थ सेंट्रल के नेतृत्व में किया गया। इसमें रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद सैफ्रॉन, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब दिल्ली प्रीत विहार और रोटरी क्लब हापुड़ प्लेटिनम का सहयोग रहा।

यह इस श्रृंखला का 38वां पोषण वितरण सेवा प्रकल्प रहा, जो मातृ स्वास्थ्य और सामुदायिक सेवा के प्रति संस्थाओं की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कार्यक्रम में रोटेरियन प्रतीक भार्गव, रहम फाउंडेशन से विक्रम सिंह, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. विश्वकर्मा, श्रीमती प्रेमलता तथा अन्य चिकित्सा एवं सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ गर्भावस्था के लिए समाज को जागरूक करने पर जोर दिया।

# Editorial

## Between Statement and Reality

Union Petroleum Minister Hardeep Puri attempted to reassure the nation through a statement in the Lok Sabha, asserting that there is no shortage of crude oil, petrol, diesel, gas, kerosene, or Aviation Turbine Fuel. There are adequate reserves of oil. We are importing crude oil from 40 different countries. There is no need for panic or anxiety regarding domestic LPG, as orders have been issued to ensure the delivery of gas cylinders within an average timeframe of two and a half days. CNG supply stands at 100 percent, and LNG cargoes are arriving daily. The production of LPG has been increased by 28 percent. The Minister also touched upon the issues of hoarding and black marketing. But who is to tackle these issues? It is the employees of the gas agencies themselves who are openly selling domestic gas cylinders for prices ranging between ₹2,500 and ₹3,000. Can a curb be placed on their activities? The Minister also remarked that this is not the time to propagate a "fake narrative." Prime Minister Modi has expressed much the same sentiment, albeit while speaking at election rallies. The Prime Minister should either address the nation directly or speak within the precincts of Parliament; the public does not place its trust in statements made at election rallies. Since the Minister has delivered his statement in Parliament, the nation ought to place its trust in it; yet, what is the reality that our eyes are actually witnessing? People have begun to take to the streets in protest. Crowds have surged at petrol pumps, and long queues have formed outside gas agencies. Cooking gas has vanished from the market, and there is complete uncertainty regarding when—or even if—one will receive a cylinder. It remains uncertain whether food will be cooked in the kitchens of our homes at all! Why did the oil companies hike the price of domestic LPG cylinders by ₹60 and commercial cylinders by ₹114.50? Why were these price hikes implemented specifically during a time of war? An even more poignant reality is that the 'Ram Rasoi' in Ayodhya—where, on average, 20,000 to 30,000 people received free meals every day—has been forced to shut down. Although, alternative solutions are currently being explored. At Mumbai's Siddhivinayak Temple, 'prasad' (religious offerings) and other items are now being prepared on induction cooktops. At Bengaluru's Banashankari Temple, the distribution of 'prasad' has had to be suspended. The kitchen at the Delhi High Court has also been shut down.

**Manisha Bhargava**

# Special Olympics Golfers Take Centre Stage At IGPL Invitational Chandigarh 2026

### Special Olympic Golfers Ranveer Singh Saini, Kushagra Gaur, and Mohit Kumar play alongside professionals at the Chandigarh Golf Club in a landmark moment for inclusive sport

**Prateek Bhargava**

**Chandigarh.** The Indian Golf Premier League (IGPL) scripted a historic moment at its Invitational 2026 Chandigarh Leg, held from 11 to 13 March at the Chandigarh Golf Club, by inviting three Special Olympics golfers; Ranveer Singh Saini, Kushagra Gaur and Mohit Kumar to play alongside professional golfers. The occasion marked one of the most significant gestures towards inclusive sport. The event saw Indian Golf legend and defending champion Gaganjeet Bhullar being crowned champion at the IGPL Invitational Chandigarh 2026 event and the special Olympic golfers witnessed the amazing feat. Ranveer Singh Saini from Gurgaon is the first autistic Indian and a three-time Special Olympics World Games medalist (Gold 2015 at Los Angeles , Silver 2019 in Abu Dhabi , Gold 2023 in Berlin), a 13-time National Champion, and a recipient of the National Award in Sports from the President of India.

Mohit Kumar, 21, from Hisar, is a rising talent who secured second place at the Special Olympics Bharat National Golf Championship and is a probable for the Special Olympics World Summer Games in Santiago, Chile.




Speaking on the momentous occasion, Ranveer Sainils father Kartikeya Saini shares, "IGPL has taken this initiative to invite these young golfers to play on their tour with some of the finest Indian golfers. The moment you do that you have taken a giant step by playing alongside them." "Ranveer, Kushagra, and Mohit have bonded very well. IGPL has made them come together high fives, hugging each other after a good putt. It was great camaraderie that IGPL has brought amongst players with disability.", added Mr Kartikeya Saini Kushagra Gaur, also from Gurgaon, is an international gold medalist at the Macau Special Olympics Golf Masters and has been competing on the IGU North India Feeder Tour against mainstream professionals since then. Both Ranveer and Kushagra train at DLF Golf and Country Club and are recognised in the Limca Book of Records. Kushagra's journey to golf began with cricket. His mother recalls that his natural ability to hit boundaries easily made the family consider a sport where individual focus and technical mastery could shine and golf fit perfectly. Kushagrals mother speaking on her sons natural transition from cricket to playing golf shared, "He used to hit boundaries very easily during his school days, so we felt golf is all about hitting. And there was nobody to judge him. We never made him feel he had some limitation, we used to say, we can break it. Let's try."

Reflecting on Kushagrals journey from Macau to the IGU North Feeder and expressing her gratitude to IGPL, Shweta Gaur, mother of Kushagra Gaur, shared, "Since 2018 he started playing the IGU Feeder. He was playing really good golf and competing with regular golfers. His score became from double-digit to single digit.

# Need to give non-cricket sports its due space and strengthen grassroot talent: Mos MYAS Smt Raksha Khadse

## SJFI Golden Jubilee National Convention Celebrations begin in New Delhi

**Prateek Bhargava**

**New Delhi.** There's a need to give non-cricket sports its due space and recognition and strengthen the grassroot talent, said minister of state for youth affairs and sports (MYAS) Smt Raksha Khadse during her powerful and thought-provoking address to mark the beginning of the Golden Jubilee celebrations of the Sports Journalists Federation of India's (SJFI) National Convention at the Major Dhyan Chand stadium here on Friday. The four-day Convention, hosted by the Delhi Sports Journalist Association (DSJA), commenced on Friday, marking the return of the prestigious gathering to the national capital after more than two decades. Addressing the gathering, Smt Khadse said, kThe important role played by sports journalists in promoting sports culture is truly inspiring. There's a need to promote talent at the grassroots level. Through your work, you are giving new energy to sports.




The way you cover sports helps people understand how they can move forward in sport and how the younger generation can be encouraged to participate." Smt Khadse emphasised on the need to give space to non-cricket sports, while highlighting the government initiatives, promoting sports tourism and open career paths in emerging fields such as sports science. She also underscored that journalism, as the fourth pillar of the democracy, is essential in advancing social good, and that sports media plays a critical role in projecting India's soft power globally. She also urged the greater participation of women in the field. Apart from Smt Khadse, the opening ceremony of the Convention was attended by sports Secretary Shri Hari Ranjan Rao, along with senior members of the sports journalism fraternity.

The ceremony began with the traditional lighting of the lamp, followed by a series of felicitation ceremonies recognising key dignitaries and contributors to the convention. DSJA President Abhishek Tripathi felicitated Smt. Khadse, while DSJA Secretary Sabi Hussain honoured Ranjan Rao. The SJFI leadership — President Saraju Chakraborty and Secretary V. Ramesh — also felicitated the chief guests with ceremonial shawls.

In a reciprocal gesture, Smt. Khadse felicitated the SJFI President and Secretary, before joining the SJFI leadership to honour the state presidents and secretaries representing affiliated sports journalistsl associations from across the country. Ms. Nabanita Das, AGM – Corporate Communications, Jindal Steel, was also felicitated during the ceremony on behalf of Mr. Naveen Jindal, Lok Sabha Member of Parliament.

A key highlight of the evening was the unveiling of the JK Bose Inter-Zonal T20 Cricket Trophy and the AC Bali Table Tennis Trophy, formally launching the competitive sporting segment of the convention. The draw for the JK Bose Inter-Zonal T20 Cricket Tournament was also conducted, setting up two exciting clashes: South vs East and West vs North.

### About SJFI National Convention 2026 – Golden Jubilee Edition

The SJFI National Convention is Indials most prestigious annual congregation of more than 250 senior sports journalists, sports administrators, policymakers, athletes, and industry leaders. The Golden Jubilee National Convention holds special national significance, celebrating five decades of SJFIls contribution to Indian sport and media. SJFI is recognized and affiliated to the World Sports Journalist Body, also known as AIPS. This landmark edition commemorates 50 years of the Sports Journalistsl Federation of India (SJFI)—Indials most influential and enduring platform for sports journalism, sports governance, and national sports discours.

# गैस को लेकर घबराने की जरूरत नहीं, जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर होगी कार्रवाई

## अफवाहों के कारण सर्वर पर बढ़ा लोड, 1-2 दिन में सामान्य होगी बुकिंग व्यवस्था

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** जनपद में गैस आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि गाजियाबाद में घरेलू गैस सिलेंडर और पीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ और एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर राज करन नैय्यर की अध्यक्षता में गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला आपूर्ति अधिकारी अमित तिवारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में गैस बुकिंग, वितरण और उपलब्धता की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध और सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करना था। जिलाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट रूप से कहा कि कुछ असत्य और बेबुनियाद अफवाहों के कारण उपभोक्ताओं द्वारा अत्यधिक संख्या में गैस सिलेंडर बुकिंग कराई जा रही है, जिससे सर्वर पर अत्यधिक लोड पड़ गया है। इसी कारण बुकिंग प्रक्रिया में अस्थायी तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई है, जिसे जल्द ही दूर कर लिया जाएगा।

जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बैठक में जानकारी दी गई कि गाजियाबाद जनपद में वर्तमान समय में कुल 96 गैस एजेंसियां संचालित हैं। इन एजेंसियों के माध्यम से लगभग 12 लाख घरेलू गैस कनेक्शन जारी किए गए हैं। जनपद में प्रतिदिन औसतन लगभग 20 हजार घरेलू गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग होती है। उन्होंने बताया कि सभी गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर रिफिल का स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित हो रही है। इसके अतिरिक्त जनपद में लगभग 3.50 लाख घरेलू पीएनजी कनेक्शन तथा करीब 1500 व्यावसायिक पीएनजी कनेक्शन सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से गैस की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनपद में गैस रिफिलिंग या आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की घबराहट में अतिरिक्त बुकिंग करने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन ने यह भी बताया कि सर्वर पर बढ़े लोड के कारण उत्पन्न तकनीकी समस्या के समाधान के लिए संबंधित एजेंसियों द्वारा कार्य किया जा रहा है और आगामी 1 से 2 दिनों में बुकिंग प्रणाली के पूरी तरह सामान्य होने की संभावना है। इसके बाद गैस बुकिंग और वितरण की प्रक्रिया पहले की तरह नियमित रूप से जारी रहेगी। जमाखोरी और कालाबाजारी की संभावनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने गैस बुकिंग प्रक्रिया में आंशिक परिवर्तन भी किया है।

इसके तहत शहरी क्षेत्रों में दो गैस सिलेंडरों की बुकिंग के बीच न्यूनतम 25 दिनों का अंतराल तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों का अंतराल निर्धारित किया गया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य अनावश्यक बुकिंग को रोकना और सभी उपभोक्ताओं तक समान रूप से गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जनपद के सभी उपजिलाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस और आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीमें गठित की जाएंगी।


## अनुराधा पौडवाल, रुपाली गांगुली, तनिषा मुखर्जी और शालिनी पासी को दिल्ली में 'लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर महिला सम्मान 2026' से सम्मानित






**प्रतीक भार्गव**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में 10 मार्च 2026 को कमला पावर वुमन के सहयोग से और श्रीमती निदर्शना गोवानी की पहल पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर महिला सम्मान 2026 के पाँचवें संस्करण का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित समारोह का उद्देश्य देशभर की उन महिलाओं को सम्मानित करना है जिन्होंने अपने साहस, नवाचार और नेतृत्व के माध्यम से समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पाँच वर्ष पहले शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य उन महिलाओं को पहचान और सम्मान देना है जिन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने परिश्रम और दृढ़ संकल्प से अपनी अलग पहचान बनाई है। समय के साथ यह मंच एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान के रूप में स्थापित हो चुका है, जो न केवल महानगरों बल्कि देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों की महिलाओं को भी सम्मानित करता है, जिनमें आर्थिक रूप से कमजोर और दिव्यांग पृष्ठभूमि से आने वाली महिलाएँ भी शामिल हैं। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि, नीति-निमार्ता और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, सांसद मनोज तिवारी, भारत में अर्जेंटीना के राजदूत एच.ई. मारियानो काउसीनो, बेनीन गणराज्य के भारत में राजदूत एच.ई. एरिक जीन-मैरी जिन्सू तथा दिल्ली के उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा की पत्नी श्रीमती स्वाति सिंह वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इस वर्ष देशभर की 65 प्रेरणादायी और सफल महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें पद्मअनुराधा पौडवाल, रुपाली गांगुली, तनिषा मुखर्जी,डॉ. जय मदान, शालिनी पासी और रूपा अय्यर जैसी प्रसिद्ध हस्तियों के साथ-साथ मणिपुर की जैग्यासोइबम, महाराष्ट्र की मौली अदकुर, जम्मू-कश्मीर की आरिफा जान, वृंदावन की रेनुका गोस्वामी और बिहार की डी. आलिया जैसी जमीनी स्तर पर काम करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान देश के विभिन्न राज्यों जैसे दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और मणिपुर की महिलाओं को दिया गया, जो मीडिया, पत्रकारिता, सार्वजनिक सेवा, कानून, शिक्षा, उद्यमिता, तकनीक, विज्ञान, खेल, सामाजिक सेवा, आध्यात्मिकता, कला और सामुदायिक नेतृत्व जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर श्रीमती निदर्शना गोवानी ने कहा, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रेरित 'नारी शक्ति' की भावना से प्रेरणा लेते हुए कमला फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों और नेतृत्व का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है। लोकमाता अहिल्याबाई महिला सम्मान उन महिलाओं को समर्पित है जो समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।' पाँचवें संस्करण के सफल आयोजन के साथ लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर महिला सम्मान 2026 ने एक बार फिर भारत की महिलाओं की शक्ति, साहस और उपलब्धियों का उत्सव मनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया।



# आधुनिक और हरित शहर की ओर बढ़ता गाजियाबाद

## जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने की प्रेसवार्ता , सुनियोजित विकास करने का आश्वासन



### मुख्य निर्णय / प्रमुख उपलब्धियों पर एक नजर

- हरनंदीपुरम आवासीय योजना में भूमि क्रय की प्रक्रिया तेज 79 हेक्टेयर भूमि क्रय, 130 हेक्टेयर की सहमति प्राप्त व क्रय की प्रक्रिया में।
- योजना के लिए कंसल्टेंट का चयन, संशोधित शीघ्र प्रस्तुत की जाएगी।
- मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत 400 करोड़ की धनराशि प्राप्त तथा वर्तमान तक योजना पर कुल लगभग रू0 440 करोड़ व्यय किया जा चुका है।
- राजनगर एक्सटेंशन में जोनल सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर।
- राजनगर एक्सटेंशन में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम विकसित करने का निर्णय।
- स्टेडियम के आसपास एरोसिटी थीम आधारित एकीकृत टाउनशिप विकसित होगी।
- हिंडन नदी तटबंध परियोजना से बाढ़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को मजबूती।
- शहर में थीम आधारित पार्कों का विकास।
- सिटी फॉरेस्ट पार्क का पुनर्विकास (55 करोड़ रुपये)।
- शहर के प्रमुख गोल चक्करों का ग्रीनलैंड थीम पर सौंदर्यीकरण।
- मधुबन बापूधाम योजना में पार्कों और आवासीय भवनों के अनुरक्षण हेतु टेंडर।

### हरनंदीपुरम आवासीय योजना को मिली रफ्तार

एनसीआर क्षेत्र के नागरिकों को आधुनिक और सुनियोजित आवासीय विकल्प उपलब्ध कराने के लिए हरनंदीपुरम आवासीय योजना विकसित की जा रही है। मई 2025 में प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में इस योजना को मंजूरी दी गई थी। योजना के पहले चरण में लगभग 76 हेक्टेयर भूमि किसानों से सहमति के आधार पर खरीदी जा चुकी है, जबकि करीब 128 हेक्टेयर भूमि के लिए सहमति मिल चुकी है और क्रय प्रक्रिया जारी है। इस योजना का कुल प्रस्तावित बजट लगभग 2,384 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत जीडीए को 400 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं, जिससे प्रारंभिक विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

### राजनगर एक्सटेंशन में सड़कों का निर्माण तेज

राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में जोनल प्लान के तहत कई प्रमुख सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है। बी–6 जोनल रोड का लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और इसे मार्च 2026 तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। के–2 जोनल रोड का लगभग 30 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है। इसके अलावा ए–6 और बी–2 जोनल रोड का निर्माण भी प्रगति पर है, जिससे मेरठ रोड और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

### चौराहों और गोल चक्करों का होगा सौंदर्यीकरण

शहर के प्रमुख चौराहों और गोल चक्करों को ग्रीनलैंड थीम पर विकसित करने की योजना है। पहले चरण में पांच गोल चक्करों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही कई प्रमुख चौराहों को सिग्नल फ्री बनाने, फ्लाईओवर निर्माण और मॉडल रोड विकसित करने की भी योजना है। इन सभी परियोजनाओं के माध्यम से गाजियाबाद में बेहतर बुनियादी सुविधाएं विकसित होने के साथ ही शहर के सुनियोजित विस्तार और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

### थीम पार्क और सिटी फॉरेस्ट का होगा विकास

शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए कई थीम आधारित पार्क विकसित किए जा रहे हैं। कोयल एन्क्लेव में रामायण थीम पार्क (26.26 करोड़ रुपये), इंदिरापुरम में संस्कृति दर्शन पार्क (16 करोड़ रुपये), मधुबन बापूधाम में विकसित भारत पार्क (45 करोड़ रुपये) और राजेंद्र नगर में डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क (53 करोड़ रुपये) विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा करीब 143 एकड़ क्षेत्र में बने सिटी फॉरेस्ट पार्क का लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। इसमें एडवेंचर जोन, वॉटर एक्टिविटी, जंगल स्टे, डायनासोर पार्क, फिशिंग जोन, हॉर्स राइडिंग और मेडिटेशन जोन जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

### राजनगर एक्सटेंशन में बनेगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

राजनगर एक्सटेंशन के ग्राम मोरटी और अटौर में करीब 31 एकड़ क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रिकेट स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस स्टेडियम में 55 हजार दर्शकों की बैठने की क्षमता, अंतरराष्ट्रीय स्तर की पिच, कॉर्पोरेट बॉक्स, मीडिया सेंटर और आधुनिक खेल सुविधाएं होंगी। यह परियोजना उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और जीडीए के सहयोग से विकसित की जाएगी।

### हिंडन नदी तटबंध परियोजना से मिलेगी बाढ़ से राहत

शहर में बाढ़ नियंत्रण और नदी तट संरक्षण के लिए हिंडन नदी के किनारे तटबंध निर्माण की योजना बनाई गई है। इस परियोजना के तहत नदी तटों का संरक्षण, जलभराव की समस्या से राहत और नदी किनारे संपर्क मार्ग का विकास किया जाएगा। भविष्य में यहां रिवरफ्रंट आधारित सार्वजनिक गतिविधियों और हरित विकास की संभावनाएं भी विकसित की जाएंगी।

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल के नेतृत्व में शहर के समग्र और नियोजित विकास के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है।

इन योजनाओं का उद्देश्य आधुनिक अवसंरचना विकसित करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, खेल सुविधाओं का विस्तार करना और निवेश के नए अवसर पैदा करना है।

प्राधिकरण द्वारा हरनंदीपुरम आवासीय योजना, राजनगर एक्सटेंशन में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, एरोसिटी थीम आधारित टाउनशिप, हिंडन नदी तटबंध परियोजना तथा शहर में कई थीम आधारित पार्कों के विकास जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं आगे बढ़ाई जा रही हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से गाजियाबाद को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और हरित शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

### स्टेडियम के आसपास बनेगी एरोसिटी थीम टाउनशिप

प्रस्तावित स्टेडियम के आसपास एरोसिटी थीम पर आधारित एकीकृत टाउनशिप विकसित की जाएगी। इसमें आधुनिक आवासीय परिसर, वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स, होटल, रिटेल जोन, खेल अकादमी, संस्थागत क्षेत्र और मल्टीलेवल पार्किंग जैसी सुविधाएं होंगी।

यह परियोजना निवेश आकर्षित करने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने में मददगार साबित होगी।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्राधिकरण ने लगभग 3,49,640 लाख रुपये की आय और 3,28,700 लाख रुपये के व्यय का प्रस्ताव तैयार किया है।

# राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने मेरठ मंडल के अधिकारियों के साथ की समीक्षा, योजनाओं की प्रगति पर हुई विस्तृत चर्चा



### गैस आपूर्ति और विकास कार्यों पर अधिकारियों संग अहम बैठक



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने शुक्रवार को जल निगम अतिथि गृह में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में गैस आपूर्ति व्यवस्था, कालाबाजारी पर रोक तथा शहर के विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकार रविंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल तथा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद लाल मौजूद रहे। मंत्री ने अधिकारियों से गैस एजेंसियों पर व्यवस्था दुरुस्त रखने और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि यदि किसी गैस एजेंसी पर अव्यवस्था या कालाबाजारी की शिकायत मिलती है तो प्रशासन और पुलिस तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि गैस की कमी या वितरण में गड़बड़ी से समाज में गलत संदेश नहीं जाना चाहिए और जनता को समय पर सुविधा मिलनी चाहिए। बैठक के दौरान शहर के विकास कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को विकास परियोजनाओं की गति तेज करने तथा जनता को राहत देने वाले कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। विशेष रूप से हरनांदीपुरम समेत प्राधिकरण की प्रमुख योजनाओं को तय समय में पूरा करने पर जोर दिया गया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि इन दिनों सामाजिक माध्यमों और आमजन के बीच गैस आपूर्ति और कालाबाजारी का मुद्दा चर्चा में है, इसलिए प्रशासन को इस विषय पर सख्त और प्रभावी कदम उठाने होंगे। इसके साथ ही बैठक में शहर के लिए नई विकास योजनाएं शुरू करने और चल रहे कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में शुक्रवार को विजय नगर स्थित जल निगम गेस्ट हाउस में मेरठ मंडल के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुंचाया जाए। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजनों के कल्याण एवं सशक्तीकरण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थी समय पर आवेदन कर सकें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। बैठक में उपनिदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत गाजियाबाद जनपद में 10,417 लाभार्थियों को छात्रवृत्ति की धनराशि उनके खातों में भेजने की प्रक्रिया जारी है। मेरठ मंडल में कुल 92,079 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

प्रथम चरण में 13,011 छात्रों के खातों में 4 करोड़ 67 लाख 82 हजार 988 रुपये की धनराशि अंतरित की जा चुकी है। पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत मंडल में 13,188 छात्र-छात्राओं को दो करोड़ 86 लाख 59 हजार रुपये की छात्रवृत्ति डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजी गई है, जिनमें गाजियाबाद के 682 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। वहीं शादी अनुदान योजना के तहत मेरठ मंडल में 1,731 लाभार्थियों को 3 करोड़ 46 लाख 20 हजार रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई।

जिसमें गाजियाबाद के 122 लाभार्थी शामिल हैं। बैठक में कंप्यूटर प्रशिक्षण योजनाओं की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि ओ लेवल और ट्रिपल सी प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत मंडल में बड़ी संख्या में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गाजियाबाद जनपद के भी कई छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रगति पर मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने संतोष व्यक्त किया।

## उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति की बैठक आयोजित

# नगर निगम की तर्ज पर अन्य विभाग भी स्वच्छता के मामलों में करें सुधार: हरिओम पाण्डेय

डॉ धीरज कुमार भार्गव





**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में हरिओम पाण्डेय (सभापति) के सभापतित्व में 'उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति' द्वारा जनपद गाजियाबाद के निर्धारित बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक की। विकास भवन परिसर में पहुंचने पर सभापति को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। तदोंपरांत सभापति की अध्यक्षता में गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर व गाजियाबाद की बैठक सम्पन्न आहूत हुई। बैठक के दौरान गाजियाबाद जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, सीडीओ अभिनव गोपाल, जीडीए सचिव विवेक कुमार मिश्र सहित अन्य गणमान्य अधिकारियों द्वारा सभापति हरिओम पाण्डेय, सदस्य मोहित बेनिवाल, सदस्य ऋषिपाल सिंह, सचिव संजय अग्रहरि, निजी सचिव बांके बिहारी लाल, समीक्षा अधिकारी शिवम श्रीवास्तव, प्रतिवेदक अजय कुमार प्रतापति को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं पटका पहनाकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान प्राप्त बिन्दु तीन वर्ष के साक्ष्य सहित विवरण जिसमें जनपद के समस्त विभाग में मा० विधान परिषद व मा० सदस्य विधान सभा से प्राप्त होने वाले पत्रों के जवाब व कार्यवाही के सम्बंध में, मा० सदस्य विधान परिषद्/विधान सभा के विकास निधि से होने वाले कार्यों को प्रारम्भ करने की प्रकिया तथा पूर्ण करने सम्बंधित जानकारी, 'एक जिला एक उत्पाद' के सबंध में, पिछले तीन वर्षों में आपके जिले में विधान परिषद् की किन-किन समितियों की बैठक हुई और उनके निदेर्शों का अनुपालन, अल्पसूचित/ तारांकित/ अतारांकित प्रश्न के उत्तर, विधान परिषद् के नियम 115,105,110 तथा 111 की सूचनाए, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की प्राप्त याचिकायें, विशेषाधिकार हनन के मामले, मा० सदस्यों के संस्तुति / शिकायती पत्र, प्रोटोकाल के उल्लंघन, बैठकों में विधायकों / जनप्रतिनिधियों को न बुलाने के प्रकरण इसके

**● सभापति व सदस्यों ने की जनपद गाजियाबाद में किये गये कार्यों की प्रशंसा**

साथ ही मा० विधायकों (विधान सभा/विधान परिषद सदस्यगण) से सम्बंधित मामलों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की गयी। बैठक के दौरान सम्बंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि मा० विधान परिषद व मा० सदस्य विधान सभा से 25 विभागों को कुल 283 पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 280 का मौके पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया है शेष 03 लम्बित है। अधिकांश कार्य समय पर हो रहे हैं। तीन वर्षों में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्गर्त 1059 कार्य करवाये गये। एक जनपद एक उत्पाद के सापेक्ष लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण हैं। पिछले तीन वर्षों में समितियों की कुल 18 बैठके हुई और समिति द्वारा कुल 111 प्रश्नों के उत्तर चाहे गये जो कि समय पर उपलब्ध कराये गये। विधान परिषद के नियम के अन्तगर्त प्राप्त 23 सूचनाओं के उत्तर ससमय प्रेषित किये गये। साथ ही 23 याचिकाऐं प्राप्त हुई और 22 का ससमय निस्तारण किया गया। विशेषाधिकार हनन का कोई प्रकरण लम्बित नहीं है। प्राप्त 242 शिकायती पत्रों में से 240 का निस्तारण किया गया, 02 लम्बित हैं। प्रोटोकॉल उल्लंघन एवं विधायक एवं सदस्यों को बैठकों में आमंत्रण से सम्बंधित कोई प्रकरण लम्बित नहीं है। बैठक के दौरान सभापति ने कहा कि जनपद के सभी विभागों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा स्वच्छता के मामले में बहुत ही सुन्दर कार्य प्रदर्शित किया गया, अन्य सम्बंधित विभागों को भी नगर निगम की तर्ज पर कार्य करना चाहिए। सदस्य ने कहा कि विकास कार्यों से सम्बंधित प्राप्त प्रस्तावों की पहले गहनता से जांच की जानी चाहिए, तदोपरांत उन्हें अनुमोदन हेतु भेजना चाहिए, जिससे उनके अस्वीकृत होने की आशंका ना रहें। जनपद में शिक्षा के क्षेत्रों में भी बेहतर एवं प्रशंसनीय कार्य किया जा रहा है, ये कार्य बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बहुत सार्थक सिद्ध होगें।

## मोदीनगर में कौशल विकास व उद्यमिता को मिला नया आयाम, केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने किया केंद्र का उद्घाटन

टीबीसी संवाददाता



**मोदीनगर।** डॉ के. एन. मोदी फाउंडेशन के तत्वावधान में गुरुवार को आशीर्वादम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के माननीय मंत्री जयंत चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, मोदीनगर विधायक डॉ मंजू सिवाच तथा मोदीनगर नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद वैशाली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। डॉ के. एन. मोदी फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. डॉ डी. के. मोदी ने अपने स्वागत संबोधन में मुख्य अतिथि जयंत चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि डॉ के. एन. मोदी विश्वविद्यालय, मोदीनगर में वर्ष 2025-26 से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने संस्थान में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रों के कौशल विकास तथा रोजगारपरक शिक्षा के विभिन्न प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डॉ के. एन. मोदी फाउंडेशन के अंतर्गत आने वाले संस्थानों का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण अंचल एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना तथा महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास को बढ़ावा देना है। इसी उद्देश्य से वर्ष 2015 में डॉ के. एन. मोदी सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट की स्थापना की गई, जहां 22 से अधिक जॉब रोल्स में प्रशिक्षण दिया जाता है। अब तक 10,000 से अधिक विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट उपलब्ध कराया जा चुका है। संस्थान ठरउ्ळ का ट्रेनिंग पार्टनर भी है। कार्यक्रम में सत्र 2024-25 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 26 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने डॉ के. एन. मोदी फाउंडेशन एवं विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी शिकायतें

## अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश

प्रतीक भार्गव



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग और निर्माण विभाग से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता को समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए अधिकारी संवेदनशीलता के साथ काम करें।

मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार 'जनता दर्शनइ कार्यक्रम की सीधी मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से की जा रही है। इसी व्यवस्था के तहत जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों की प्रगति पर भी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी शिकायत के निस्तारण में अनावश्यक देरी न हो।

जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी कार्यदिवसों में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आम जनता की शिकायतें सुनना सुनिश्चित करें। इस दौरान अधिकारी जूम प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी लाइव रहेंगे, जिससे शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सके। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। साथ ही जूम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें शिकायतों की जानकारी दी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहले संबंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क करें। यदि संतोषजनक समाधान नहीं मिलता है तो वे सीधे जिलाधिकारी कार्यालय में आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल ने सुनी फरियाद

## घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और विवादों से जुड़े मामले पहुंचे आयोग के समक्ष

टीबीसी संवाददाता



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनसुनवाई कर महिलाओं से जुड़े विभिन्न मामलों की सुनवाई की।

इस दौरान घरेलू हिंसा, मारपीट, पड़ोसी विवाद और दहेज उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गईं। जनसुनवाई में कुल 9 मामलों को सुना गया और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरूआत में जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने एक-एक कर महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर डॉ. हिमानी अग्रवाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग हर परिस्थिति में महिलाओं के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं बिना किसी डर और संकोच के अपनी समस्याएं खुलकर रखें, आयोग उनके अधिकारों की रक्षा के लिए 24 घंटे तत्पर है।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा और स्वावलंबन को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही है। महिलाओं को चाहिए कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने आसपास की अन्य महिलाओं को भी इनके प्रति जागरूक करें, ताकि समाज में महिलाओं की स्थिति और मजबूत हो सके। जनसुनवाई के दौरान एसीपी महिला सलोनी अग्रवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, संरक्षण अधिकारी जितेन्द्र कुमार, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी लोकेन्द्र सिंह, वन स्टॉप सेंटर मैनेजर प्रीति मलिक, सीडीपीओ शिवानी गुप्ता, महिला थानाध्यक्ष श्वेता, एडीआईओएस सतीश कुमार पांडेय, उप चिकित्साधिकारी डॉ. जितेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाया।

# मबर्ग मेयर चैलेंज-2025 में गाजियाबाद को विश्व के टॉप-24 शहरों में शामिल

## पार्षदों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को पुष्पगुच्छ व पौधा भेंट कर दी बधाई

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज-2025 में गाजियाबाद को विश्व के टॉप-24 शहरों में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि से शहर में खुशी का माहौल है। इसी अवसर पर नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर पार्षदों ने शुक्रवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और निगम अधिकारियों को पुष्पगुच्छ व पौधा भेंट कर बधाई दी और इस सफलता को शहर के लिए गर्व का विषय बताया। पार्षदों ने कहा कि प्राकृतिक पेंट परियोजना के माध्यम से गाजियाबाद ने विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की ओर से गाजियाबाद नगर निगम को 1 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगी। पार्षदों का कहना है कि इस पुरस्कार राशि से शहर के विकास कार्यों को गति मिलेगी और नगर निगम की विभिन्न योजनाओं को मजबूती मिलेगी।



पार्षद राजीव शर्मा ने कहा कि ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज-2025 में गाजियाबाद का चयन होना शहरवासियों के लिए बेहद हर्ष का विषय है। यह उपलब्धि नगर निगम द्वारा किए जा रहे नवाचार और बेहतर कार्यों का परिणाम है। वहीं पार्षद शीतल देओल ने कहा कि प्राकृतिक पेंट परियोजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को एक नई पहचान मिली है और उनका मनोबल भी बढ़ा है। पार्षद नितिन ने बताया कि इस परियोजना के सफल होने से शहर में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। वहीं पार्षद राजकुमार नागर ने कहा कि 1 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि से शहरवासियों को भी लाभ मिलेगा और गोबर से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए भी बेहतर योजना तैयार की जा सकेगी। इस दौरान पार्षद देवनारायण शर्मा, वीरेंद्र त्यागी, नीरज गोयल सहित अन्य पार्षदों ने भी नगर निगम के कार्यों की सराहना करते हुए महापौर और नगर आयुक्त के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों को सराहनीय बताया।

उन्होंने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे नवाचार और योजनाएं शहर को नई पहचान दिला रही हैं। नगर निगम मुख्यालय में आयोजित इस अवसर पर पार्षदों और नागरिकों ने प्राकृतिक पेंट परियोजना की भी सराहना की, जिसके माध्यम से गोबर के उपयोग से पर्यावरण के अनुकूल पेंट तैयार किया जा रहा है। इस पहल से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान शहर के कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे और सभी ने गाजियाबाद को मिली इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की।

# जनता दर्शन में डीएम ने कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण, पीड़ित परिवारों को मिली बड़ी राहत

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने जनसुनवाई करते हुए आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। जनता दर्शन में जिले के विभिन्न विभागों से जुड़ी बड़ी संख्या में शिकायतें और प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन पर जिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग समेत अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं सामने आईं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस दौरान जिलाधिकारी



ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनता दर्शन और जनसुनवाई कार्यक्रम की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से की जा रही है। पारदर्शिता और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जन शिकायतें सुनें और इस दौरान ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहें। जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। कई मामलों में उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी की इस सक्रिय कार्यशैली से फरियादियों को त्वरित राहत मिली और लोगों ने प्रशासन की पहल की सराहना की। जनसुनवाई के दौरान एक भावुक क्षण भी देखने को मिला जब श्रीमती गीता रानी अपनी बेटी के साथ जिलाधिकारी से मिलने पहुंचीं। उन्होंने नम आंखों से जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि दिसंबर 2025 में उनके पति का निधन हो गया था, जिसके बाद उनका परिवार बेहद कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा था। उन्होंने बताया कि दो बच्चों का पालन-पोषण करना और उनकी पढ़ाई जारी रखना उनके लिए बेहद मुश्किल हो गया था। गीता रानी ने बताया कि किसी परिचित की सलाह पर वह करीब 15-20 दिन पहले अपनी बेटी के साथ जिलाधिकारी से मिलने आई थीं। जिलाधिकारी के निर्देशों के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका आय प्रमाण पत्र बनवाया, विधवा पेंशन की प्रक्रिया पूरी कराई, पारिवारिक लाभ योजना का लाभ दिलाया और उनकी बेटी का प्रवेश कस्तूरबा गांधी विद्यालय में करा दिया।

# जनगणना-2027: जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने प्रक्रिया तेज कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जनगणना-2027 कार्यक्रम के तहत तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रगणक ब्लॉकों के गठन, बैंक खातों के संचालन, जनगणना सेल के गठन, प्रगणकों और सुपरवाइजरों की अनुमानित संख्या तय करने सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी अधिकारियों से ली गई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों और चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जनगणना सेल का गठन शीघ्र कर लें। साथ ही जनगणना कार्य में होने वाले व्यय के पुनर्भरण के लिए आवश्यक बैंक खाते भी समय रहते खोलना सुनिश्चित करें, ताकि आगे की प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

# आयकर विभाग ने 'अनुपालन / अग्रिम कर' पर इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** आयकर विभाग द्वारा 'आयकर अधिनियम के अंतर्गत अनुपालन / अग्रिम कर' विषय पर एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीजीओ कॉम्प्लेक्स-1, गाजियाबाद के द्वितीय तल स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अपर्णा करण, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, कानपुर द्वारा की गई। इस अवसर पर डॉ रेनुका जैन गुप्ता, मुख्य आयकर आयुक्त, गाजियाबाद; सुश्री दीपिका मित्तल, प्रधान आयकर आयुक्त, गाजियाबाद; तथा डॉ श्योदान सिंह भदौरिया, प्रधान आयकर आयुक्त, कानपुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त श्री संजय चौरसिया, अतिरिक्त आयकर आयुक्त; श्री नवाब सिंह, अतिरिक्त आयकर आयुक्त; श्री आशीष शुक्ला, सहायक आयकर आयुक्त तथा गाजियाबाद स्टेशन पर कार्यरत आयकर अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस सत्र में गाजियाबाद के प्रमुख करदाता एवं कर सलाहकार जैसे आर. के. गोविल, अशोक



गांधी, सुमित बंसल, मधुसूदन कपूर, योगेश कंसल, जे. आर. जैन, अनिल गुप्ता, नितिन गर्ग सहित 40 से अधिक टैक्स प्रोफेसनल एवं उद्योग से सम्बंधित कर दाता लोग भी उपस्थित रहे और उन्होंने विभिन्न कर संबंधी विषयों पर अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। इस बैठक का संचालन सुश्री दीपिका मित्तल, प्रधान आयकर आयुक्त, गाजियाबाद के मार्गदर्शन में किया गया। उत्तर प्रदेश (पश्चिम) एवं उत्तराखंड के साथ-साथ गाजियाबाद प्रभार में कर संग्रहण तथा करदाताओं से संबंधित कर समस्याओं एवं उनके निस्तारण से संबंधित समग्र अवलोकन डॉ. श्योदान सिंह भदौरिया, प्रधान आयकर आयुक्त, कानपुर द्वारा उपस्थित सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान डॉ. रेनुका जैन गुप्ता, मुख्य आयकर आयुक्त, गाजियाबाद ने विश्वास व्यक्त किया कि गाजियाबाद प्रभार के करदाता ईमानदारीपूर्वक अपने आय का सही आकलन कर 15 मार्च से पूर्व अपना अग्रिम कर अवश्य जमा करेंगे। बैठक के दौरान श्रीमती अपर्णा करण, Pr. CCIT, कानपुर ने गाजियाबाद चार्ज के करदाताओं से अनुरोध किया कि वे अग्रिम कर की अंतिम किस्त, 15 मार्च से पूर्व अपनी आय का सही-सही आकलन



करते हुए सटीक अग्रिम कर जमा करें, जिससे ब्याज एवं अन्य दंडात्मक परिणामों से बचा जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग द्वारा निर्धारित कुल कर संग्रह लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की गई है। तथापि टेक्सटाइल, रियल एस्टेट तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में कर संग्रह में लगभग 80 से 95 प्रतिशत तक की कमी देखी गई है। इस संबंध में उन्होंने इन क्षेत्रों में कर संग्रह में आई कमी के कारणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने करदाताओं को अवगत कराया कि विभाग के पास विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाएँ उपलब्ध हैं, अतः करदाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी वास्तविक आय का सही-सही आकलन कर समुचित अग्रिम कर का भुगतान करें। कार्यक्रम के दौरान श्री संजय चौरसिया, अतिरिक्त आयकर आयुक्त द्वारा एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में कर संग्रह की स्थिति, वृद्धि तथा कमी का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। यह इंटरैक्टिव सत्र अत्यंत उपयोगी एवं सार्थक रहा, जिसमें करदाताओं और आयकर विभाग के अधिकारियों के बीच कर अनुपालन, अग्रिम कर भुगतान तथा कर संग्रह में वृद्धि से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

# गाजियाबाद में सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव, 13.4 करोड़ निवेश की घोषणा

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**





**गाजियाबाद।** जिले में समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को गाजियाबाद में सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन गाजियाबाद और नई दिल्ली स्थित रणनीति एवं सस्टेनेबिलिटी परामर्श संस्था सार्थक कलेक्टिव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कॉन्क्लेव में सरकार, उद्योग जगत, कॉर्पोरेट सीएसआर टीमों, सामाजिक संगठनों तथा विकास क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य जिले की प्रमुख विकास प्राथमिकताओं–शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका तथा शहरी-ग्रामीण संतुलन–के साथ कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) निवेश को जोड़ना और 'गाजियाबाद सोशल एक्शन प्लान' की दिशा में साझा रणनीति तैयार करना था। कार्यक्रम में कई प्रमुख कॉर्पोरेट कंपनियों ने साझेदारी की। डाबर इस पहल के पावर्ड बाय प्रायोजक रहे, जबकि कॉन्टिनेंटल कार्बन ने आतिथ्य सहयोगी के रूप में सहयोग दिया।

श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स लिमिटेड मोबिलिटी सहयोगी, एचडीएफसी बैंक बैंकिंग सहयोगी, समरकूल एमएसएमई सहयोगी तथा हमदर्द लेबोरेट्रीज स्वास्थ्य सहयोगी रहे। इसके अलावा रेबन फूड्स और अल्लाना ग्रुप ने एसोसिएट प्रायोजक के रूप में योगदान दिया। कार्यक्रम को पुरवा फाउंडेशन, पीपल टू पीपल हेल्थ फाउंडेशन, सेंटर फॉर ग्रोवर सेंट्रिक इको वैल्यू मैकेनिज्म्स, सस्टेनिको टेक्नोलॉजीज और इनोलॉजिकल सहित कई संस्थाओं का संस्थागत समर्थन मिला।

कार्यक्रम का संचालन अभिनव गोपाल के मार्गदर्शन में किया गया, जिनकी पहल पर विभिन्न सत्रों में विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। कॉन्क्लेव के दौरान आयोजित विभिन्न सत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। उद्घाटन सत्र में एनसीआर क्षेत्र में साक्षरता, विद्यालय सुधार और कौशल विकास को गति देने की रणनीतियों पर चर्चा हुई।

पहले पैनल 'सशक्त मानव पूंजी' में उद्योग और सीएसआर विशेषज्ञों ने 100 प्रतिशत बुनियादी साक्षरता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उद्योग से जुड़े कौशल प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

दूसरे पैनल 'हरित संरक्षकता' में हिंडन नदी क्षेत्र में वायु, जल और अपशिष्ट प्रबंधन सहित पर्यावरणीय स्थिरता के उपायों पर चर्चा की गई।

इसके अतिरिक्त एक विशेष संवाद सत्र में जिला स्तर पर शिक्षा सुधार लागू करने के व्यावहारिक उपायों पर विचार साझा किए गए।

दोपहर बाद आयोजित 'रर्बन इंटरफेस' सत्र में तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच कृषि, ग्रामीण आजीविका और पशुपालन को एकीकृत करने के मॉडल पर चर्चा की गई। वहीं नवाचार सत्र में ब्लू डॉट एआई और एनिमॉल टेक्नोलॉजीज जैसे डिजिटल समाधानों के माध्यम से पशुधन प्रबंधन, पशु स्वास्थ्य निगरानी और डेटा आधारित शासन की संभावनाओं को प्रस्तुत किया गया।

कॉन्क्लेव का एक महत्वपूर्ण परिणाम विभिन्न कंपनियों द्वारा 13.4 करोड़ रूपये से अधिक के सीएसआर निवेश की घोषणा रहा। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एचडीएफसी बैंक द्वारा 2 करोड़ और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा 6 करोड़ रूपये की घोषणा की गई। शिक्षा क्षेत्र में रोटरी क्लब ने 3 करोड़, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 65 लाख और टाटा स्टील ने 50 लाख रूपये देने की घोषणा की। वहीं पर्यावरण एवं स्थिरता के क्षेत्र में उप्पल चड्ढा हाई-टेक डेवलपर्स द्वारा 1 करोड़ और एलाइड निप्पोन द्वारा 25 लाख रूपये की सहायता की घोषणा की गई।

समापन सत्र में गाजियाबाद सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी पुरस्कार प्रदान किए गए तथा 'गाजियाबाद सोशल एक्शन प्लान' की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। आयोजकों ने उम्मीद जताई कि घोषित सीएसआर निवेश से जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को गति मिलेगी और सतत विकास को मजबूती मिलेगी।

## उत्तर प्रदेश 'बेड एण्ड ब्रेकफास्ट' एवं होमस्टे नीति-2025 लागू

**गाजियाबाद (मनीषा भार्गव)।** उत्तर प्रदेश में आने वाले देशी–विदेशी पर्यटकों को स्तरीय आवासीय सुविधा उपलब्ध कराये जाने एवं स्थानीय खानपान, रहन—सहन एवं संस्कृति से रूबरू कराने साथ ही साथ एक आय का स्रोत सृजन करनेके उद्देश्य से पर्यटन विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश 'बेड एण्ड ब्रेकफास्ट' एवं होमस्टे नीति–2025 लागू की गई है। इस नीति के माध्यम से प्रदेश भर के इच्छुक भवन स्वामियों और पेंइग गेस्ट हाउस के संचालकों को नई नीति से जागरूक कराने के लिये व अधिक से अधिक पंजीकरण कराने के लिये शासन द्वारा तैयारी शुरू की गयी है। 'बेड एण्ड ब्रेकफास्ट' के अतंर्गत भवन स्वामी स्वयं न रह कर केयरटेकर के माध्यम से इकाई का संचालन कर सकता है अथवा किसी भवन को न्यूनतम 3 वर्ष की लीज पर लेकर पंजीकरण कराया जा सकता है। होमस्टे नीति के अतंर्गत भवन स्वामी को स्वयं निवास करना अनिवार्य होता है तथा अपने नाम से ही पंजीकरण करा सकता है। उक्त दोनों नीतियों में भवन स्वामी अथवा केयरटेकर के प्रयोग के कक्षों के अतिरिक्त न्यूनतम एक कक्ष एवं अधिकतम 06 कक्षों का पंजीकरण किया जा सकता है। बेड एण्ड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे के अतंर्गत सुविधाओं के आधार गोल्ड व सिल्वर श्रेणी विभाजित की गयी है, उक्त दोनों योजनाओं हेतु गोल्ड श्रेणी हेतु रुपए 3000 एवं सिल्वर श्रेणी हेतु रुपए 2000 का पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र के लिए होमस्टे नीति के अतंर्गत अधितम 06 कक्ष अथवा एक डारमेट्री (12 बेड) हेतु रुपए 100 का पंजीकरण शुल्क निर्धारित है। उक्त नीतियों के आवेदन हेतु दस्तावेज जैसे :– आधार कार्ड/पासपोर्ट, पुलिस विभाग चरित्र प्रमाण पत्र, स्वामित्व अभिलेख, निवास प्रमाण पत्र, केयरटेकर का पहचान पत्र आदि अनिवार्य है। उक्त नीति के अतंर्गत आनलाइन पंजीकरण की ही सुविधा है, पंजीकरणहेतु बेवसाईट:- https://up-tourismportal.in/ संचालित है। अधिक जानकारी हेतु श्री सुरेश रावत, पर्यटन अधिकारी (मो0–7302185032) से सर्म्पक किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित

### विकास एवं जनहित कार्यों में शिथिलता बरतने पर होगी कार्यवाही: जिलाधिकारी

**मनीषा भार्गव**



**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (विकास से सम्बंधित) की मासिक प्रगति रिपोर्ट विकास विभाग से सम्बंधित समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी द्वारा उनका स्पष्टीकरण प्राप्त करने एवं भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न होने की चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने खराब रैंक (बी, सी व डी) लाने वाले विभागों से स्पष्टीकरण मांगा व दिये गये लक्ष्यों के सापेक्ष कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा फैमिली आईडी, आयुष्मान कार्ड, सौर ऊर्जा, किसानों से सम्बंधित योजना, पशुपालन, छात्रवृति, आरटीई, पर्यटन सहित ग्राम्य विकास को मुख्यत देखते हुए सरकार द्वारा संचालित सभी विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और बेहतर सुधार हेतु निर्देशित किया। उन्होने आईजीआरएस पर असंतोष फीडबैक के बारे में विस्तार से चर्चा की और फीडबैक को सही करने की दिशा में कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने आरटीई के तहत लोगों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने हेतु बेहतर प्लानिंग के तहत कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि विकास और जनहित की प्रत्येक योजनाओं को शतप्रतिशत धरा पर उतारा जाएं। प्रत्येक पात्र जन को योजनाओं का लाभ दिलाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी हैं। बैठक में सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी, जीडीए वीसी व नगरायुक्त पहुंचे हरीश राणा के आवास

## परिवार को आर्थिक, रोजगार सहित अन्य योजनाओं का दिलाया जायेगा लाभः जिलाधिकारी

**प्रतीक भार्गव**





**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद स्थित राज एम्पायर सोसाइटी, राजनगर एक्सटेंशन के फ्लैट संख्या ए-एम-1314, 13वीं मंजिल में निवास कर रहे अशोक राणा एवं उनके परिवार की वर्तमान परिस्थितियों के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थिति जानी।

उक्त परिवार मूल रूप से जनपद कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश का निवासी है। परिवार के मुखिया अशोक राणा पूर्व में आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली स्थित एक निजी होटल में वर्ष 1989 से फरवरी 2021 तक कार्यरत रहे तथा सेवानिवृत्ति के उपरांत वर्तमान में पेंशन के रूप में प्राप्त सीमित धनराशि एवं घर पर खाद्य सामग्री बनाकर विक्रय कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं।

परिवार में उनके तीन संतान हैं, जिनमें एक पुत्र गुरुग्राम में निजी नौकरी कर रहा है, एक पुत्र हरीश राणा (जो कि लगभग पिछले 13 वर्षों से कोमा में है और परिवार जनों के द्वारा सुप्रीम कोर्ट से इच्छा मृत्यु हेतु निवेदन किया गया था, सुप्रीम कोर्ट द्वारा शर्तों पर अनुमति प्रदान की गयी है।) तथा पुत्री का विवाह हो चुका है, जो वर्तमान में गाजियाबाद में ही निवास कर रही हैं। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशन पर इस दुःख की घड़ी में जिलाधिकारी गाजियाबाद रविंद्र कुमार मॉदड़, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल तथा नगर आयुक्त गाजियाबाद विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा हरीश राणा के परिवारजनों को ढढांस बांधते हुए परिवार की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। उन्होंने परिवार की सहमति से उनके स्थायी आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि परिवार को तत्काल जन सहयोग से ₹2,50,000 (ढाई लाख रुपये) की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गयी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विवेक राहत कोष से भी सहायता प्रदान की जायेगी। उनके जीवन यापन के लिए रोजगार हेतु उन्हें दुकान आवंटित की जायेगी।


इसके अतिरिक्त शासन द्वारा संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से भी परिवार को लाभान्वित कराया जाएगा, जिससे उनके जीवनयापन में स्थिरता एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित हो सके। जिला प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार परिवार के अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाएगा।

# भारत गौशाला में 27वां हरा चारा वितरण सेवा प्रकल्प संपन्न


**डॉ धीरज कुमार भार्गव**













**गाजियाबाद।** आरएचएएम फाउंडेशन एवं जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में भारत गौशाला में 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से हरा चारा वितरण का 27वां सेवा प्रकल्प सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह सेवा कार्य संस्था और रोटरी क्लबों द्वारा समाज सेवा के उद्देश्य से निरंतर किया जा रहा है।

इस सेवा प्रकल्प में रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी ने नेतृत्व किया। सहयोग करने वाले अन्य रोटरी क्लबों में रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब दिल्ली प्रीत विहार तथा रोटरी क्लब हापुड़ प्लेटिनम शामिल रहे। यह सेवा प्रकल्प गौमाता एवं बैलों के लिए समाज के सहयोग से किया गया, जिसमें हरा चारा वितरित किया गया। इस पहल का उद्देश्य समाज में सेवा, करुणा और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देना है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी के अध्यक्ष रोटेरियन राजेश गोयल, अजय चौधरी, विध्यानंद त्यागी, श्रीमती मधु गोयल, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद ग्रीन के अध्यक्ष रोटेरियन संदीप अग्रवाल तथा रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर के आगामी अध्यक्ष रोटेरियन प्रतीक भार्गव सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा प्रकल्प निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया।

# रोटरी क्लब इंदिरापुरम गलोर ने रहम फाउंडेशन के साथ वैशाली में लगाया स्तन कैंसर जांच शिविर





**प्रतीक भार्गव**





**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब इंदिरापुरम गलोर ने रहम फाउंडेशन तथा मैक्स अस्पताल वैशाली के सहयोग से मैमोग्राफी वैन के माध्यम से स्तन कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर निस्कॉर्ट मीडिया कॉलेज, वैशाली में आयोजित किया गया।

शिविर में 20 महिलाओं की मैमोग्राफी जांच की गई। इसका उद्देश्य महिलाओं में स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय रहते बीमारी की पहचान सुनिश्चित करना था।

क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि यह पहल समाज सेवा के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है। रोटरी क्लब द्वारा प्रत्येक माह 2 से 3 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाई जा सके और अधिक से अधिक लोगों को निःशुल्क जांच एवं परामर्श का लाभ मिल सके। इस अवसर पर मैक्स अस्पताल की ओर से हिमांशु वर्मा और आकांक्षा सेठी सहित चिकित्सकीय टीम उपस्थित रही। रहम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव ने भी इस आयोजन में सहयोग प्रदान किया। इसके अलावा रोटरी क्लब गुरुग्राम की मैमोग्राफी वैन से सुश्री पूजा एवं उनकी टीम ने भी शिविर में सक्रिय सहभागिता निभाई। रोटरी क्लब इंदिरापुरम गलोर ने बताया कि भविष्य में भी समाज के स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए ऐसे सेवा कार्य निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# जरूरतमंद छात्राओं को पुस्तकों का वितरण



**मनीषा भार्गव**

**गाज़ियाबाद।** रोटरी क्लब इंदिरापुरम गलोर एवं रोटरी क्लब गाज़ियाबाद सैफरन ने रहम फाउंडेशन के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2026झ27 के लिए सेंट टेरेसा स्कूल, विजय नगर की कक्षा 8वीं और 9वीं की दो जरूरतमंद छात्राओं को पढ़ाई के लिए पुस्तकें वितरित कीं।

इस सेवा प्रकल्प की कुल लागत 16,345 रुपये रही, जिसे रहम फाउंडेशन के सचिव रोटेरियन दयानंद शर्मा द्वारा प्रायोजित किया गया।

इस अवसर पर रोटेरियन दयानंद शर्मा ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य उन मेधावी छात्रों की मदद करना है जो आर्थिक समस्याओं के कारण अपनी पढ़ाई जारी रखने में कठिनाई का सामना करते हैं। उन्होंने समाज के लोगों से भी आगे आकर जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता करने का आ'ान किया।

रहम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. धीरज ने कहा कि रोटेरियन दयानंद शर्मा उन लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं जो मदद करना चाहते हैं, लेकिन आगे बढ़कर पहल नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि रहम फाउंडेशन ऐसे लोगों को समाज सेवा का मंच प्रदान करता है, जिससे जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सके। यह पहल शिक्षा को बढ़ावा देने और जरूरतमंद छात्रों की सहायता के प्रति रोटरी क्लबों और रहम फाउंडेशन की सामाजिक प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.